उद्यानों की साफ.सफाई किया गया स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा से जुड़कर श्रमदान के माध्यम से उद्यानों की साफ.सफाई कराया गया। शासन द्वारा उद्यानो, बाग, गार्डन, तालाब, जहां भी लोग टहलने जाते हैं, उन जगहों को सफाई के उददेश्य से ही इसे थीम में शामिल किया गया है। नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय क्षेत्र के उद्यानों में साफ.सफाई वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता सुबह.सुबह उद्यान में टहलने वाले नागरिकों बच्चो महिलाओं को भी सफाई अभियान से जोड़ा गया। योग ध्यान करने वाले लोगों ने संकल्प लिया कि हम जहां योग ध्यान करते हैं आपस में मिलकर उस स्थल पर सफाई अभियान हम लोग ही करेंगे। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत 150 से अधिक उद्यान है, जहां प्रतिदिन सुबह शाम बच्चे, बुजुर्ग टहलने, घूमने, बैठने, व्यायाम करने आते है। उद्यानो की साफ.सफाई होते रहना चाहिए। वहां आने वाले लोगो को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान में यही थीम था। कि शहर के सभी नागरिक अपने आस पास के उद्यानों की साफ.सफाई में अपना सहयोग दे। जिससे उद्यान साफ.सुथरा एवं हरा भरा बना रहे। उद्यान हमारे ही सुविधा के लिए बनाया गया है। जिसका पुरा देखरेख एवं साफ.सफाई करना हमारी जिम्मेदारी है। महापौर नीरज पाल एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती नेहा साहू ने क्षेत्र के नागरिको से अपील किये है कि उद्यानो की साफ.सफाई करना सबका कर्तव्य है। सभी अपने आस पास के उद्यानों में सुबह एवं साम जाते रहते है। वहां की साफ.सफाई नहीं होने से हम सबको ही परेशानी होगी। इसलिए उद्यानों की साफ.सफाई एवं देखरेख में सबका सहयोग होना आवश्यक है।